2026

HINDI

(Major)

Paper : HIN4400404MJ

(अनुवाद : सिद्धांत एवं व्यवहार)

Full Marks : 60

Time : 2½ hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) किसके बिना एक भाषा के ज्ञान का संचरण दूसरी भाषा में नहीं होता?

(ख) काव्य का अनुवाद करते समय सामने आनेवाली कोई एक समस्या लिखिए।

(ग) वैज्ञानिक अनुवादकों का संगठन (ISTA) कहाँ है?

(घ) पारिभाषिक शब्दों का निर्माण किस प्रकार किया जाता है?

(ङ) आशु अनुवाद क्या है?

(च) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

Against public interest.

(छ) अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

(i) निर्देशानुसार

(ii) यथाशीघ्र

(ज) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

(i) Agenda

(ii) Oath

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) अनुवाद कितने प्रकार के हैं और क्या-क्या हैं?

(ख) स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा क्या है?

(ग) अच्छे अनुवादक के कोई दो गुण बताइए।

(घ) पारिभाषिक शब्दावली कितने प्रकार की है और क्या-क्या है?

(ङ) वैज्ञानिक अनुवाद में पारिभाषिक शब्द-प्रयोग का क्या महत्त्व है?

(च) अनुवाद की दो उपयोगिताएँ लिखिए।

(छ) भावानुवाद किसे कहते हैं?

(ज) आदर्श अनुवाद क्या है?

(Continued)

(झ) असमीया में अनुवाद कीजिए :

কুছ সাংসদ পচাস করোড় মেঁ বিক গএ।

(ञ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

This has already been replied.

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) अनुवाद की आवश्यकता क्यों है, स्पष्ट कीजिए।

(ख) साहित्यिक और वैज्ञानिक अनुवाद के बीच क्या अंतर है?

(ग) पारिभाषिक शब्दावली की निर्माण-प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

(घ) लोकोक्ति और मुहावरों के अनुवाद करते समय आनेवाली समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) डॉ० भोलानाथ तिवारी के अनुवाद-विषयक सिद्धांत पर प्रकाश डालिए।

(च) कथानुवाद के स्वरूप पर आलोकपात कीजिए।

(छ) निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

(i) Silence is the best

(ii) Hope sustains life

(iii) Might is right

(iv) Even walls have ears

(v) So many men, so many minds

(Turn Over)

(ज) निम्नलिखित वाक्यांशों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :

(i) जैसे को तैसा।

(ii) वह पक्का देशभक्त है।

(iii) मेरा समय नहीं कटता।

(iv) लालच बुरी बात है।

(v) चमत्कार को नमस्कार।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) अनुवाद की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ख) अनुवाद की प्रकृति के आधार पर अनुवाद के प्रकारों पर विचार कीजिए।

(ग) वैज्ञानिक साहित्य के अनुवाद की समस्याओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) निम्नलिखित अवतरण का अंग्रेजी **अथवा** असमीया में अनुवाद कीजिए :

एक घंटा और गुजर गया। रात ने शीत को हवा से धधकाना शुरू किया। हल्कू उठ बैठा और दोनों घुटनों को छाती से मिलाकर सिर को उसमें छिपा लिया, फिर भी ठंड कम न हुई। ऐसा जान पड़ता था सारा रक्त जम गया है, धमनियों में रक्त की जगह हिम बह रहा है। उसने झुककर आकाश की ओर देखा, अभी कितनी रात बाकी है! सप्तर्षि अभी आकाश में आधे भी नहीं चढ़े। ऊपर आ जाएंगे तब कहीं सबेरा होगा। अभी पहर से ऊपर रात है।

(ङ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

The Kurmis are Hindu and worship Ram and Vishnu as their family deities. The goddesses Kali and Durga and the Monkey God Hanuman are regional deities. They celebrate prominent Hindu festivals like Diwali, Holi, Shivaratri and Dussehra.

The Kurmis' rites and rituals are performed by Brahmin Priests. Mundan is a ritual performed in childhood while adolescent boys go through the rite of wearing the sacred thread (Janeu). The dead are cremated, but the bodies of children are burried. The ashes are immersed in a river, preferably the sacred Ganga river.

★★★